# FD-102

M.Com. 1st Semester
Examination, Dec.-Jan., 2021-22

Paper - II

Advanced Accounting

*Time* : Three Hours] [*Maximum Marks* : 80

**नोट** : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

**Note** : Answer **all** questions. All questions carry equal marks.

**इकाई / Unit-I**

**1.** अंशों के हरण का क्या अर्थ है? अंशों का हरण कैसे किया जाता है? क्या हरण किए गए अंश बट्टे पर पुनः निर्गमित किए जा सकते हैं? अंशों के हरण और उसके पुनः निर्गमन हेतु प्रविष्टियाँ दीजिए।

What is the meaning of Forfeiture of Shares ? How are shares forfeited ? Can forfeited shares be re-issued at discount ? Give entries for forfeiture and reissue of shares.

***अथवा / OR***

सुमन कम्पनी लिमिटेड ने ₹ 100 वाले 10000 6% ऋणपत्र का निर्गमन सममूल्य पर 1 अप्रैल, 2013 को किया। भुगतान इस प्रकार देय था :

आवेदन पर ₹ 40, आबंटन पर ₹ 35 तथा याचना पर ₹ 25 (1 अगस्त, 2013 को)। 14000 ऋणपत्रों के लिए आवेदन प्राप्त हुए तथा सम्पूर्ण आवेदन राशि 15 मई, 2013 को प्राप्त हुई। आबंटन 1 जून, 2013 को किया गया तथा सम्पूर्ण आबंटन राशि 20 जून, 2013 को प्राप्त हुई। याचना अपनी देय तिथि पर की गई तथा सम्पूर्ण याचना राशि का भुगतान 20 अगस्त, 2013 को प्राप्त हुआ। ₹ 470 ऋणपत्रों के निर्गमन पर व्यय हुए। कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

Suman Company Limited issued 10000, 6% Debentures of ₹ 100 each at par on 1st April, 2013. Payable as follows :

On application ₹ 40, on allotment ₹ 35 and on call ₹ 25 (on 1st August, 2013). Applications were received for 14000 Debentures and all the application money was received by 15th May, 2013. Allotment was

made on 1st June, 2013 and allotment money was received in full on 20th June, 2013. The call was made on the due date and full paid on 20th August, 2013. Expenses on issue of debentures amount to ₹ 470.

Pass the necessary journal entries in the books of the company.

### इकाई / Unit-II

**2.** आटो पार्ट्स निर्माता कम्पनी लि० ₹ 10,00,000 की अधिकृत पूँजी से रजिस्टर्ड हुई जो कि ₹ 10 वाले अंशों में विभाजित है जिसमें से 40000 अंश निर्गमित एवं पूर्ण प्रदत्त हैं। 31 मार्च, 2014 को तलपट इस प्रकार है :

| विवरण | विकलन आधिक्य (₹) | समाकलन आधिक्य (₹) |
|---|---|---|
| स्कंध (1.4.2013) | 1,86,420 | – |
| क्रय एवं विक्रय | 7,18,210 | 11,69,900 |
| प्रत्याय | 12,680 | 9,850 |
| निर्माणी मजदूरी | 1,09,740 | |
| निर्माणी व्यय | 19,240 | |
| आवक गाड़ी भाड़ा | 4,910 | |
| 18% बैंक ऋण | | 50,000 |

| विवरण | विकलन आधिक्य (₹) | समाकलन आधिक्य (₹) |
| --- | --- | --- |
| बैंक ऋण पर ब्याज | 4,500 | |
| कार्यालय वेतन | 17,870 | |
| अंकेक्षण शुल्क | 8,600 | |
| संचालकों का पारिश्रमिक | 26,250 | |
| प्रारंभिक व्यय | 6,000 | |
| भवन | 1,64,210 | |
| संयंत्र | 1,28,400 | |
| उपस्कर | 5,000 | |
| खुले औजार | 12,500 | |
| देनदार एवं लेनदार | 1,05,400 | 62,220 |
| हस्तस्थ रोकड़ | 19,530 | |
| अधिकोषस्थ रोकड़ | 96,860 | |
| अग्रिम कर का भुगतान | 84,290 | |
| 1.4.2013 को लाभालाभ | | 38,640 |
| अंश पूँजी | | 4,00,000 |
| | 17,30,610 | 17,30,610 |

आपको निम्नलिखित समायोजन को ध्यान में रखते हुए 31 मार्च, 2014 को समाप्त हुए वर्ष का लाभालाभ विवरण पत्र एवं स्थिति विवरण बनाना है :

(*i*) 31 मार्च, 2014 को बकाया निर्माण मजदूरी एवं बकाया कार्यालय वेतन क्रमशः ₹ 1,890 एवं ₹ 1,200 था। इसी तिथि को स्कंध का मूल्यांकन ₹ 1,24,840 एवं खुले औजार ₹ 10,000 थे।

(*ii*) बैंक ऋण पर 6 माह का ब्याज देना है।

(*iii*) संयंत्र पर 15% की दर से तथा उपस्कर पर 10% की दर से ह्रास लगाना है।

(*iv*) प्रारम्भिक व्ययों का $\frac{1}{3}$ भाग अपलेखित करना है।

(*v*) आयकर के लिए 50% का आयोजन बनाना है।

(*vi*) संचालकों ने 31 मार्च, 2014 को 15% लाभांश प्रस्तावित किया, 13.068% लाभांश कर मानिए।

The Auto Parts Manufacturing Co. Ltd. was registered with an Authorised Capital of ₹ 10,00,000 divided into shares of ₹ 10 each of which 40000 shares had been issued and fully paid. The following is the Trial Balance extracted on 31st March, 2014 :

| Particulars | Debit Balance (₹) | Credit Balance (₹) |
|---|---|---|
| Stock (1.4.2013) | 1,86,420 | - |
| Purchase and Sales | 7,18,210 | 11,69,900 |
| Returns | 12,680 | 9,850 |
| Manufacturing Wages | 1,09,740 | |
| Manufacturing Expenses | 19,240 | |
| Carriage Inwards | 4,910 | |
| 18% Bank loan | | 50,000 |
| Interest on Bank loan | 4,500 | |
| Office Salaries | 17,870 | |
| Audit Fees | 8,600 | |
| Directors Remuneration | 26,250 | |
| Preliminary Expenses | 6,000 | |
| Building | 1,64,210 | |
| Plant | 1,28,400 | |
| Furniture | 5,000 | |
| Loose tools | 12,500 | |
| Debtors and Creditors | 1,05,400 | 62,220 |

| Particulars | Debit Balance (₹) | Credit Balance (₹) |
|---|---|---|
| Cash in hand | 19,530 | |
| Cash at Bank | 96,860 | |
| Advance payment of tax | 84,290 | |
| Profit & Loss on 1.4.2013 | | 38,640 |
| Share Capital | | 4,00,000 |
| | 17,30,610 | 17,30,610 |

You are required to prepare statement of Profit & Loss for the year ended 31st March, 2014 and a Balance Sheet as at that date after taking into consideration the following adjustments :

(*i*) On 31st March, 2014 outstanding manufacturing wages and outstanding office salaries stood at ₹ 1890 and ₹ 1,200 respectively. On the same date, stock was valued at ₹ 1,24,840 and Loose tools of ₹ 10,000.

(*ii*) To provide interest on bank loan for 6 months.

(*iii*) Depriciation on Plant is to be provided @ 15% while on Furniture it is to be @ 10%.

(*iv*) Write off one third of preliminary expenses.

(*v*) Make a provision for income tax on 50%.

(*vi*) The directors recommended a dividend @ 15% for the year ending 31st March, 2014. Assume 13.068% dividend tax rate.

***अथवा / OR***

कम्पनी के वित्तीय विवरण से क्या तात्पर्य है? इनके विश्लेषण की आवश्यकता बताइए।

What is the meaning of financial statements of companies ? Discuss the need of analysis of Published Accounts.

**इकाई / Unit-III**

**3.** पुनर्निर्माण से आप क्या समझते हैं? आंतरिक एवं बाह्य पुनर्निर्माण में अन्तर स्पष्ट कीजिए। यह कब आवश्यक होता है?

What do you understand from reconstruction ? Distinguish between internal and external reconstruction. When is it necessary ?

***अथवा / OR***

राना लिमिटेड तथा कृष्णा लिमिटेड ने एकीकरण करने तथा ₹ 10 प्रति अंश में विभक्त ₹ 50,00,000 की प्राधिकृत पूँजी से चेतना लिमिटेड कही जाने वाली नई कम्पनी की स्थापना करने का निश्चय किया। नई कम्पनी दोनों कम्पनियों की सम्पत्तियों एवं दायित्वों को ले लेती है। प्रतिफल इस प्रकार है :

राना लिमिटेड को 100000 पूर्ण चुकता अंश तथा कृष्णा लिमिटेड को 50000 पूर्ण चुकता अंश। एकीकरण की तिथि पर शेष निम्न प्रकार के थे :

| | नामे शेष | | | जमा शेष | |
|---|---|---|---|---|---|
| | राना लि० (₹) | कृष्णा लि० (₹) | | राना लि० (₹) | कृष्णा लि० (₹) |
| भवन | 7,50,000 | 2,80,000 | अंश पूँजी | 10,00,000 | 5,00,000 |
| मशीन | 5,75,500 | 2,75,000 | ऋणपत्र | | 1,00,000 |
| स्कंध | 1,95,920 | 85,900 | संचय | 5,00,000 | 50,000 |
| देनदार | 36,400 | 35,740 | लाभालाभ | 62,500 | 35,000 |
| अधिकोषस्थ रोक | 42,180 | 23,360 | लेनदार | 37,500 | 15,000 |
| | 16,00,000 | 7,00,000 | | 16,00,000 | 7,00,000 |

एकीकरण मिश्रण की प्रकृति में मानकर अंतरणकर्ता एवं अंतरिती कम्पनी की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए तथा चिट्ठा नई कम्पनी की पुस्तकों में बनाइए।

Rana Limited and Krishna Limited agree to amalgamate and form a new company to be called Chetna Limited with an authorised capital of ₹ 50,00,000 divided in shares of ₹ 10 each. The new company takes over all the assets and liabilities of both companies, the consideration being 100000 fully paid shares to the Rana Limited and 50000 fully paid shars to Krishna Limited. The balance at the date of amalgamation were :

| | Debit Balance | | | Credit Balance | |
|---|---|---|---|---|---|
| | Rana Ltd. ₹ | Krishna Ltd. ₹ | | Rana Ltd. ₹ | Krishna Ltd. ₹ |
| Building | 7,50,000 | 2,80,000 | Share Capital | 10,00,000 | 5,00,000 |
| Machinery | 5,75,500 | 2,75,000 | Debenture | | 1,00,000 |
| Inventory | 1,95,920 | 85,900 | Reserve | 5,00,000 | 50,000 |
| Debtor | 36,400 | 35,740 | Profit & Loss | 62,500 | 35,000 |
| Cash at bank | 42,180 | 23,360 | Creditors | 37,500 | 15,000 |
| | 16,00,000 | 7,00,000 | | 16,00,000 | 7,00,000 |

Give journal entries in the books of transferor and transferee companies and the Balance Sheet in the books of the new company, on the assumption that amalgamation is in the nature of merger.

**इकाई / Unit-IV**

**4.** सूत्रधारी कम्पनी एवं सहायक कम्पनी से क्या आशय है ? इसके गुण–दोषों की विवेचना कीजिए।

What do you understand by holding and subsidiary company ? Discuss its advantages and disadvantages.

***अथवा / OR***

1 जनवरी, 2013 को अरविंद लिमिटेड ने मोहन लिमिटेड के सब अंश ले लिए। दोनों कम्पनीयों के 31 मार्च, 2013 को दायित्व एवं सम्पत्ति का विवरण इस प्रकार है :

| विवरण | अरविंद लिमिटेड | मोहन लिमिटेड |
|---|---|---|
| **दायित्व :** | | |
| अंश पूँजी | 5,00,000 | 3,00,000 |
| सामान्य संचय (1.4.2012) | 2,00,000 | 1,50,000 |
| लाभालाभ विवरण पत्र | 2,50,000 | 1,00,000 |
| लेनदार | 2,00,000 | 1,50,000 |
| | 11,50,000 | 7,00,000 |
| **सम्पत्तियाँ :** | | |
| विविध सम्पत्तियाँ | 6,50,000 | 7,00,000 |
| मोहन लिमिटेड के अंश लागत मूल्य पर | 5,00,000 | |
| | 11,50,000 | 7,00,000 |

1.4.2012 को मोहन लि० के लाभालाभ विवरण पत्र में ₹ 30,000 का क्रेडिट शेष था। पूरे वर्ष में मोहन लिमिटेड ने लाभ समान दर से अर्जित किया। 31 मार्च, 2013 को मिश्रित चिट्ठा बनाइए।

Arvind Ltd. acquired all the shares of Mohan Ltd. on 1st January, 2013 and the details of Liabilities and Assets for the two companies on 31st March, 2013 were as follows :

| Particulars | Arivind Ltd. | Mohan Ltd. |
|---|---|---|
| **Liabilites :** | | |
| Share Capital | 5,00,000 | 3,00,000 |
| General Reserve (1.4.2012) | 2,00,000 | 1,50,000 |
| Statement of Profit & Loss | 2,50,000 | 1,00,000 |
| Creditors | 2,00,000 | 1,50,000 |
| | 11,50,000 | 7,00,000 |
| **Assets :** | | |
| Sundry assets | 6,50,000 | 7,00,000 |
| Shares in Mohan Ltd. at cost | 5,00,000 | |
| | 11,50,000 | 7,00,000 |

The statement of Profit & Loss of Mohan Ltd. had a credit balance of ₹ 30,000 on 1st April, 2012. The profit of Mohan Ltd. accrued evenly throughout the year. Prepare the consolidated Balance Sheet as on 31st March, 2013.

**इकाई / Unit-V**

**5.** एक कम्पनी के समापन से आप क्या समझते हैं? समापन की विविध विधियों का वर्णन कीजिए तथा समापन के परिणामों की विवेचना कीजिए।

What do you understand by Liquidation of a company ? Describe the different modes of winding up and discuss its consequences.

***अथवा / OR***

*X* कम्पनी लिमिटेड की पूँजी निम्नानुसार थी :

(*a*) 3000, 'A' समता अंश, जिनमें से प्रत्येक अंश ₹ 100 का था और जिस पर ₹ 85 प्रति अंश चुकता थे।

(*b*) 1000, 'B' समता अंश, जिनमें से प्रत्येक अंश जो ₹ 100 का था तथा जिस पर ₹ 80 प्रति अंश चुकता थे।

(*c*) ₹ 100 वाले 1000 पूर्वाधिकार (अधिमान) अंश जो पूर्णदत्त थे (ये अंश कम्पनी के पार्षद अंतर्नियमों के अंतर्गत पूँजी पर पूर्वाधिकार रखते है।)

विविध लेनदार ₹ 76,500 के थे। इसमें ₹ 2,500 समापक के पारिश्रमिक का भी शामिल है। समापक ने 'B' समता अंशों पर प्रति अंश ₹ 20 शेष थे, की याचना की, जिसका पूर्ण भुगतान प्राप्त हो गया। सम्पत्तियों ₹ 1,91,000 प्राप्त हुए।

₹ 15 प्रति अंश की याचना 'A' समता अंशों पर की गई। 100 'A' समता अंशों के अतिरिक्त सब अंशों की राशि प्राप्त हो गई। समापक का अन्तिम विवरण खाता बनाइए।

The capital of *X* Company Ltd. was as follows :

(*a*) 3000, 'A' equity shares of ₹ 100 each, ₹ 85 per share paid-up.

(*b*) 1000, 'B' equity shares of 100 each, ₹ 80 per share paid-up.

(*c*) 1000, preference shares of ₹ 100 each,

fully paid (these share under the articles have preference as to capital)

The various creditors amounted to ₹ 76,500 including the liquidator's remuneration of ₹ 2,500. The liquidator made a call of the remaining ₹ 20 per share on the 'B' equity shares which was paid in full. assets realised ₹ 1,91,000.

A call of ₹ 15 per share on 'A' equity shares was made. This was paid in full with the exception of 100 'A' equity shares.
Prepare Liquidator's Final Statement of Account.